प्राचीन भारतीय इतिहास के

② साहित्यिक स्रोत !— ①

साहित्यिक स्रोतो के अन्तर्गत प्राचीन धार्मिक साहित्य अथवा हिन्दु धार्मिक साहित्य, बौद्ध धार्मिक साहित्य जैन धार्मिक साहित्य, ऐतिहासिक ग्रन्थ नाटक, राजनीतिक एवं व्याकरण संबंधी ग्रन्थ आते है। ये सभी साहित्य भारतीय इतिहास के विषय में अत्यन्त ही महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करते है।

हिन्दू धार्मिक साहित्य : इस साहित्य के अन्तर्गत

वेद, उपवेद, वेदांग, ब्राह्मण ग्रन्थ, अरण्यक, रामायण, महाभारत तथा पुराण आदि आते है ये सब हिन्दु ~~धर्म~~ धार्मिक साहित्य प्राचीन भारतीय इतिहास के विषय में जानकारी ~~प्राप्त~~ प्रदान करते है

(i) वेद → वेद की संख्या ४ है – ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, वेदों में ऋग्वेद सबसे प्राचीन है इनमें 10 मण्डल, 1028 सूक्त तथा 10580 ~~मंत्र~~ ऋचाएँ है इस ग्रन्थ से प्राचीन आर्यों के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक जीवन के विषय में विशद जानकारी प्राप्त होती है

(ii) यजुर्वेद इसमें 40 अध्याय तथा लगभग 2000 मंत्र है इस ग्रन्थ से तत्कालीन भारत के सामाजिक एवं धार्मिक पक्ष की जानकारी प्राप्त होती है

(iii) सामवेद → सामवेद में 1549 अथवा 1810 श्लोक है इस श्लोक को यज्ञ के अवसर पर गाया जाता था। यह ग्रन्थ तत्कालीन भारत की गायन विद्या पक्ष का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है